# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक 14.09.2026**

## ➢ थाना देवराहट पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जुआ खेल रहे 04 जुआरियों को ₹50,720/- नगद, 52 ताश के पत्ते, व 03 मोटर साइकिल सहित किया गया गिरफ्तार।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, विगत कई दिनों से बन्द पड़े मकान में बड़े पैमाने पर जुआ खेले जाने की सूचनाएं प्राप्त होने पर प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदया, जनपद कानपुर देहात से चिन्हित स्थान की तलाशी लेने एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अनुमित प्राप्त कर क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर श्री राजीव सिरोही के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 14.09.2026 को थाना देवराहट पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. संदीप कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम जारी थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात, 2. राजेन्द्र पुत्र रामजश निवासी ग्राम कलुआताला थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात, 3. अनूप कुमार पुत्र संजय दिवाकर निवासी बम्हरौली थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात, 4.मो0 जमीर पुत्र मो0 सईद निवासी ग्राम अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को देवराहट से बम्हरौली जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे बने संजय दिवाकर के बने मकान से जुंआ खेलते हुए पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से माल फड़ व जामा तलाशी से कुल ₹50,720/- नगद, 52 ताश के पत्ते, व 03 मोटर साइकिल बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना देवराहट पर मु0अ0सं0 25/2026 धारा 112 बीएनएस व 3/4 जुंआ अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम पता-**

1. संदीप कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम जारी थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात।
2. राजेन्द्र पुत्र रामजश निवासी ग्राम कलुआताला थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात।
3. अनूप कुमार पुत्र संजय दिवाकर निवासी बम्हरौली थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात।
4. मो0 जमीर पुत्र मो0 सईद निवासी ग्राम अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी-**

1. माल फड़ व जामा तलाशी से कुल ₹50,720/- नगद,
2. 52 ताश के पत्ते,
3. 03 मोटर साइकिल।

**गिरफ्तार करने वाली थाना देवराहट पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष श्री संजय दत्त
2. हे0का0 145 हरिश्चन्द्र
3. का0 07 सौरभ गोस्वामी
4. का0 141 गौरव कुमार

5. कां0 741 गगन कुमार